>

Title: Need for inquiry regarding the fire accident in Delhi.

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): माननीय अध्यक्ष महोदय, जो घटना हुई है, वह सचमुच बहुत ही दर्दनाक है । बड़ी संख्या में लोग बिहार से बाहर काम करने के लिए आते हैं । इस घटनाक्रम में जिस प्रकार से लोगों की दर्दनाक मृत्यु हुई है, उसके लिए एक विशेष जाँच बिठाई जाए । इस घटना पर हमें दु:ख है । जितने गरीब लोगों की मृत्यु इसमें हुई है, उनके परिवार को राहत पहुँचे, इसकी जाँच बैठे और जाँच का प्रतिवेदन देश के समक्ष आए, ताकि फैक्ट्रियों या गोदामों में काम करने वाले लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिल सके । सरकार इसमें पहल करे और इसकी पूरी तरह से जाँच कराई जाए ।

मैं माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि केन्द्र के स्तर से एक जाँच की जाए और जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है, सहायता की राशि के रूप में कम से कम पच्चीस-पच्चीस लाख रुपए उन परिवारों को दिए जाएँ ।